चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम	दिनांक	पृष्ठ संख्या	कॉलम
दैनिक जागरण	31.10.26	4	4-6

विवि की प्रगति के लिए सकारात्मक सोच और निरंतर सुधार आवश्यक : डा. नरेंद्र

जागरण संवाददाता • हिसार: चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मानव संसाधन प्रबंधन निदेशालय में आयोजित रिफ्रेशर कोर्स के दौरान शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण पद्धतियों, डिजिटल तकनीकों, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और नवाचार आधारित शिक्षा अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

'एजुकेशनल टेक्नोलाजी' विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम में महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय उदयपुर के पूर्व कुलपति तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) नई दिल्ली के पूर्व उप महानिदेशक (इंजीनियरिंग एंड एजुकेशन) डा. नरेंद्र सिंह राठौड़ मुख्य अतिथि रहे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

मुख्य अतिथि डा. नरेंद्र सिंह राठौड़ ने कहा कि उच्च शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए शिक्षकों को विषयगत विशेषज्ञता के साथ आधुनिक डिजिटल तकनीकों का ज्ञान और व्यावहारिक कौशल भी विकसित करना होगा। उन्होंने ब्रिटिश मनोवैज्ञानिक डा. पीटर कोलेट के प्रसिद्ध थ्री डब्ल्यू फार्मूले के बारे में बताया। इसके तहत प्रतिभागियों ने सीखा कि पिछले 21 दिनों में उन्होंने क्या काम किया, क्या सीखा और कौन-सी उपलब्धियां हासिल कीं। साथ ही, भविष्य के लक्ष्यों को तय करने और अपने करियर को सही दिशा देने पर भी जोर दिया गया।



प्रतिभागियों के साथ मुख्य अतिथि डा. नरेंद्र सिंह राठौर • जागरण

मुख्य अतिथि ने बताया कि संस्थागत प्रगति के लिए व्यवस्था के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण, विश्वविद्यालय के उद्देश्यों के प्रति प्रतिबद्धता तथा निरंतर सुधार की भावना आवश्यक है। उन्होंने शिक्षकों एवं वैज्ञानिकों से आह्वान किया कि वे अपने ज्ञान, नवाचार एवं सामूहिक प्रयासों से विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा और उत्कृष्टता को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में योगदान दें।

कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने कहा कि कृषि शिक्षा को वर्तमान आवश्यकताओं के अनुरूप बनाने के लिए शिक्षकों का निरंतर क्षमता संवर्धन आवश्यक है। कृषि क्षेत्र में तेजी से हो रहे तकनीकी विकास, अनुसंधान की नई दिशाओं और किसानों की बदलती जरूरतों को देखते हुए शिक्षकों को अपने विषय का गहन ज्ञान रखने के साथ नवीनतम तकनीकों, डिजिटल संसाधनों और नवाचार आधारित शिक्षण पद्धतियों को अपनाना चाहिए।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम	दिनांक	पृष्ठ संख्या	कॉलम
दैनिक भास्कर	31.10.26	3	1-2

एचएयू में डिजिटल शिक्षा और सुधार पर जोर



हिसार| चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मानव संसाधन प्रबंधन निदेशालय में 'शैक्षिक प्रौद्योगिकी' विषय पर 21 दिवसीय रिफ्रेशर कोर्स का समापन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. नरेंद्र सिंह राठौड़ ने शिक्षकों से कहा कि उच्च शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए विषयगत दक्षता के साथ डिजिटल तकनीक, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और व्यावहारिक कौशल विकसित करना जरूरी है। उन्होंने 'श्री डब्ल्यू' सूत्र का उल्लेख करते हुए बताया कि प्रतिभागियों ने इस अवधि में अपने काम, सीख और उपलब्धियों की समीक्षा कर आगे के लक्ष्य तय किए। भविष्य के लक्ष्यों को तय करने और अपने करियर को सही दिशा देने पर भी जोर दिया गया।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम	दिनांक	पृष्ठ संख्या	कॉलम
अजीत समाचार	31.10.26	7	6-8

विश्वविद्यालय की प्रगति के लिए प्रशासन के प्रति विश्वास, सकारात्मक सोच व निरंतर सुधार ज़रूरी : डॉ. नरेंद्र सिंह राठौड़

हिसार, 30 अक्तूबर (विरेंद्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मानव संसाधन प्रबंधन निदेशालय में आयोजित रिफ्रेशर कोर्स के दौरान शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण पद्धतियों, डिजिटल तकनीकों, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और नवाचार आधारित शिक्षा अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। 'एजुकेशनल टेक्नोलॉजी' विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम में महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर के पूर्व कुलपति तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर), नई दिल्ली के पूर्व उप महानिदेशक (इंजीनियरिंग एंड एजुकेशन) डॉ. नरेंद्र सिंह राठौड़ मुख्य अतिथि रहे, जबकि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। मुख्य अतिथि डॉ. नरेंद्र सिंह राठौड़ ने कहा कि उच्च शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए शिक्षकों को विषयगत विशेषज्ञता के साथ आधुनिक डिजिटल तकनीकों का ज्ञान और व्यावहारिक कौशल भी विकसित करना होगा। उन्होंने ब्रिटिश मनोवैज्ञानिक डॉ. पीटर कोलेट के प्रसिद्ध थ्री डब्ल्यू फॉर्मूले के बारे में बताया। इसके तहत प्रतिभागियों ने सीखा कि पिछले 21 दिनों में उन्होंने क्या काम किया, क्या सीखा और कौन-सी उपलब्धियां हासिल कीं।



मुख्यातिथि प्रतिभागियों के साथ।

हकृवि में रिफ्रेशर कोर्स सम्पन्न

कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने कहा कि कृषि शिक्षा को वर्तमान आवश्यकताओं के अनुरूप बनाने के लिए शिक्षकों का निरंतर क्षमता संवर्धन आवश्यक है। कृषि क्षेत्र में तेजी से हो रहे तकनीकी विकास, अनुसंधान की नई दिशाओं और किसानों की बदलती जरूरतों को देखते हुए शिक्षकों को अपने विषय का गहन ज्ञान रखने के साथ नवीनतम तकनीकों, डिजिटल संसाधनों और नवाचार आधारित शिक्षण पद्धतियों को अपनाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के शैक्षणिक उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए शिक्षकों को समर्पण, अनुशासन और सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ कार्य करना चाहिए। कार्यक्रम में स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता, ओएसडी एवं मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डॉ. अतुल ढींगड़ा ने सभी का स्वागत करते हुए एआई और डिजिटल एजुकेशन सहित विभिन्न विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला। डॉ. योगेश जिंदल ने रिफ्रेशर कोर्स के दौरान की गई गतिविधियों के बारे में बताया तथा डॉ. अनुराग ने मंच संचालन व धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम	दिनांक	पृष्ठ संख्या	कॉलम
हरि भूमि	31.10.26	11	7-8

शिक्षकों का निरंतर क्षमता संवर्धन आवश्यक

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मानव संसाधन प्रबंधन निदेशालय में आयोजित रिफ्रेशर कोर्स के दौरान शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण पद्धतियों, डिजिटल तकनीकों, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और नवाचार आधारित शिक्षा अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। 'एजुकेशनल टेक्नोलॉजी' विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम में महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर के पूर्व कुलपति तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर), नई दिल्ली के पूर्व उप महानिदेशक (इंजीनियरिंग एंड एजुकेशन) डॉ. नरेंद्र सिंह राठौड़ मुख्य अतिथि रहे, जबकि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम	दिनांक	पृष्ठ संख्या	कॉलम
समस्त हरियाणा न्यूज	30.10.26	-----	----

हकृवि में 21 दिवसीय रिफ्रेशर कोर्स का हुआ समापन



समस्त हरियाणा न्यूज

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मानव संसाधन प्रबंधन निदेशालय में आयोजित रिफ्रेशर कोर्स के दौरान शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण पद्धतियों, डिजिटल तकनीकों, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और नवाचार आधारित शिक्षा अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। 'एजुकेशनल टैक्नोलॉजी' विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम में महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर के पूर्व कुलपति तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर), नई दिल्ली के पूर्व उप महानिदेशक (इंजीनियरिंग एंड एजुकेशन) डॉ. नरेंद्र सिंह राठौड़ मुख्य अतिथि रहे, जबकि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। मुख्य अतिथि डॉ. नरेंद्र सिंह राठौड़ ने कहा कि उच्च शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए शिक्षकों को विषयगत विशेषज्ञता के साथ आधुनिक डिजिटल तकनीकों का ज्ञान और व्यावहारिक कौशल भी विकसित करना होगा। उन्होंने ब्रिटिश मनोवैज्ञानिक डॉ. पीटर कोलेट के प्रसिद्ध थ्री डब्ल्यू फॉर्मूले के बारे में बताया। इसके तहत प्रतिभागियों ने सीखा कि पिछले 21 दिनों में उन्होंने क्या काम किया, क्या सीखा और कौन-सी उपलब्धियां हासिल कीं। साथ ही, भविष्य के लक्ष्यों को तय करने और अपने करियर को सही दिशा देने पर भी जोर दिया गया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में व्यवस्था में आस्था, विश्वविद्यालय में विश्वास और बेहतरी की आशा के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि संस्थागत प्रगति के लिए व्यवस्था के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण, विश्वविद्यालय के उद्देश्यों के प्रति प्रतिबद्धता तथा निरंतर सुधार की भावना आवश्यक है। उन्होंने शिक्षकों एवं वैज्ञानिकों से आह्वान किया कि वे अपने ज्ञान, नवाचार एवं सामूहिक प्रयासों से विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा और उत्कृष्टता को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में योगदान दें।

शिक्षकों का निरंतर क्षमता संवर्धन गुणवत्तापूर्ण कृषि शिक्षा के लिए आवश्यक : प्रो. बलदेव राज काम्बोज

कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने कहा कि कृषि शिक्षा को वर्तमान आवश्यकताओं के अनुरूप बनाने के लिए शिक्षकों का निरंतर क्षमता संवर्धन आवश्यक है। कृषि क्षेत्र में तेजी से हो रहे तकनीकी विकास, अनुसंधान की नई दिशाओं और किसानों की बदलती जरूरतों को देखते हुए शिक्षकों को अपने विषय का गहन ज्ञान रखने के साथ नवीनतम तकनीकों, डिजिटल संसाधनों और नवाचार आधारित शिक्षण पद्धतियों को अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि रिफ्रेशर कोर्स जैसे प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षकों को अपने ज्ञान एवं कौशल को अद्यतन करने, शिक्षण की प्रभावशीलता बढ़ाने तथा विद्यार्थियों को व्यावहारिक और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रो. काम्बोज ने कहा कि डिजिटल तकनीकों और एआई का सार्थक एवं जिम्मेदार उपयोग शिक्षण, अनुसंधान और ज्ञान के प्रसार को अधिक प्रभावी बना सकता है। तकनीक का उपयोग शिक्षकों की विषयगत विशेषज्ञता, मानवीय संवाद और व्यावहारिक अनुभव को मजबूत बनाने के लिए किया जाना चाहिए। उन्होंने शिक्षकों से प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त ज्ञान को अपने शैक्षणिक कार्यों में लागू करने तथा विद्यार्थियों को नवीनतम वैज्ञानिक जानकारी से जोड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के शैक्षणिक उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए शिक्षकों को समर्पण, अनुशासन और सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ कार्य करना चाहिए। ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षण की गुणवत्ता में सुधार लाने और विद्यार्थियों को कृषि क्षेत्र की भावी चुनौतियों के लिए तैयार करने में सहायक सिद्ध होंगे। कार्यक्रम में स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता, ओएसडी एवं मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डॉ अतुल ढींगड़ा ने सभी का स्वागत करते हुए एआई और डिजिटल एजुकेशन सहित विभिन्न विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला। डॉ योगेश जिंदल ने रिफ्रेशर कोर्स के दौरान की गई गतिविधियों के बारे में बताया तथा डॉ अनुराग ने मंच संचालन व धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम	दिनांक	पृष्ठ संख्या	कॉलम
प्रेस की ताकत	30.10.26	-----	----

विश्वविद्यालय की प्रगति के लिए प्रशासन के प्रति विश्वास, सकारात्मक सोच और निरंतर सुधार जरूरी - डॉ नरेंद्र सिंह राठौड़

प्रेस की ताकत संवाददाता
नरेन्द्र ख्यालिया

हिसार, 30 अक्टूबर- चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मानव संसाधन प्रबंधन निदेशालय में आयोजित रिफ्रेशर कोर्स के दौरान शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण पद्धतियों, डिजिटल तकनीकों, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और नवाचार आधारित शिक्षा अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। 'एजुकेशनल टेक्नोलॉजी' विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम में महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर के पूर्व कुलपति तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर), नई दिल्ली के पूर्व उप महानिदेशक डॉ. नरेंद्र सिंह राठौड़ मुख्य अतिथि रहे, जबकि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। डॉ. पीटर कोलेट के प्रसिद्ध थ्री डब्ल्यू फॉर्मूले के बारे में बताया। इसके तहत प्रतिभागियों ने सीखा कि पिछले 21 दिनों में उन्होंने क्या काम किया, क्या सीखा और कौन-सी उपलब्धियां हासिल कीं। साथ ही, भविष्य के लक्ष्यों को तय करने और अपने करियर को सही दिशा देने पर भी जोर दिया गया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में



शिक्षकों का निरंतर क्षमता संवर्धन गुणवत्तापूर्ण कृषि शिक्षा के लिए आवश्यक : प्रो. बलदेव राज काबोज

कुलपति प्रो. बलदेव राज काबोज ने कहा कि कृषि शिक्षा को वर्तमान आवश्यकताओं के अनुरूप बनाने के लिए शिक्षकों का निरंतर क्षमता संवर्धन आवश्यक है। कृषि क्षेत्र में तेजी से हो रहे तकनीकी विकास, अनुसंधान की नई दिशाओं और किसानों की बदलती जरूरतों को देखते हुए शिक्षकों को अपने विषय का गहन ज्ञान रखने के साथ नवीनतम तकनीकों, डिजिटल संसाधनों और नवाचार आधारित शिक्षण पद्धतियों को अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि रिफ्रेशर कोर्स जैसे प्रशिक्षण कार्य म शिक्षकों को अपने ज्ञान एवं कौशल को अद्यतन करने, शिक्षण की प्रभावशीलता बढ़ाने तथा विद्यार्थियों को व्यावहारिक और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

व्यवस्था में आस्था, विश्वविद्यालय में विश्वास और बेहतरी की आशा के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि संस्थागत प्रगति के लिए व्यवस्था के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण, विश्वविद्यालय के उद्देश्यों के प्रति प्रतिबद्धता तथा निरंतर सुधार की भावना आवश्यक है। उन्होंने शिक्षकों एवं वैज्ञानिकों से आह्वान किया कि वे अपने ज्ञान, नवाचार एवं सामूहिक प्रयासों से विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा और उत्कृष्टता को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में योगदान दें।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम	दिनांक	पृष्ठ संख्या	कॉलम
पंजाब केसरी	31.10.26	4	5-8

हकृवि की नशा मुक्त रैली में विद्यार्थियों ने दिया जागरूकता का संदेश

हिसार, 30 अक्तूबर (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय की ओर से नशा मुक्त जागरूकता रैली निकाली गई। आर्थिक विशेषज्ञ सतीश कुमार ने मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय परिसर से रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थियों के साथ राष्ट्रीय कैडेट कोर (एन.सी.सी.) और राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने विद्यार्थियों ने लोगों को नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विभिन्न महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, अधिकारी, कर्मचारी और विद्यार्थी उपस्थित रहे।



रैली को झंडी दिखाकर रवाना करते मुख्य अतिथि सतीश कुमार।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम	दिनांक	पृष्ठ संख्या	कॉलम
दैनिक भास्कर	31-10-26	2	1-3

रैली निकाल दिया नशामुक्ति का संदेश

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन



भास्कर न्यूज | हिसार

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में छात्र कल्याण निदेशालय की ओर से नशामुक्ति जागरूकता रैली निकाली गई। मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय परिसर से आर्थिक विशेषज्ञ सतीश कुमार ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थियों के साथ राष्ट्रीय कैडेट कोर और राष्ट्रीय सेवा योजना के कैडेट्स ने भाग लिया और लोगों को नशे से दूर रहने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया।

सतीश कुमार ने कहा कि युवा देश की सबसे बड़ी ताकत हैं और भविष्य उनकी ऊर्जा व सोच पर निर्भर करता है, इसलिए नशे से दूरी जरूरी है। उन्होंने विद्यार्थियों से स्वयं संयम रखने और मित्रों व परिवार को नशे के नुकसान समझाने की अपील की। प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने कहा कि युवाओं की भागीदारी से संदेश व्यापक स्तर तक पहुंचेगा और सामाजिक जिम्मेदारी का बोध मजबूत होगा।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम	दिनांक	पृष्ठ संख्या	कॉलम
हरियाणा मेल	31-10-26	7	3-5

युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करना जरूरी: सतीश कुमार

हकृवि की नशा मुक्त रैली में विद्यार्थियों ने दिया जागरूकता का संदेश

हरियाणा मेल, एजेंसी



हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय की ओर से नशा मुक्त जागरूकता रैली निकाली गई। आर्थिक विशेषज्ञ सतीश कुमार ने मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय परिसर से रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थियों के साथ राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) और राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

सतीश कुमार ने शुक्रवार को कहा कि युवा देश की सबसे बड़ी ताकत हैं और देश का भविष्य उनकी ऊर्जा, प्रतिभा और अच्छी सोच पर निर्भर करता है। इसलिए युवाओं को नशे से दूर रखना और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना बहुत जरूरी है।

उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे स्वयं नशे से दूर रहें और अपने मित्रों, परिवारजनों तथा आसपास के लोगों को भी इसके नुकसान के बारे में बताएं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जागरूकता अभियानों के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। नशामुक्त समाज बनाने के लिए शिक्षण संस्थानों, परिवारों और सामाजिक संगठनों को मिलकर प्रयास करने चाहिए। विद्यार्थियों को शिक्षा, खेलकूद, अनुसंधान और अन्य रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेकर समाज और देश के विकास में योगदान देना चाहिए।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम	दिनांक	पृष्ठ संख्या	कॉलम
सिटी पल्स न्यूज	30.10.26	-----	----

हकृवि की नशा मुक्त रैली में विद्यार्थियों ने दिया जागरूकता का संदेश



सिटी पल्स न्यूज, हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय की ओर से नशा मुक्त जागरूकता रैली निकाली गई। आर्थिक विशेषज्ञ सतीश कुमार ने मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय परिसर से रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थियों के साथ राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) और राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

सतीश कुमार ने कहा कि युवा देश की सबसे बड़ी ताकत हैं और देश का भविष्य उनकी ऊर्जा, प्रतिभा और अच्छी सोच पर निर्भर करता है। इसलिए युवाओं को नशे से दूर रखना और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना बहुत जरूरी है। प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने बताया कि रैली में विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थियों और एनसीसी एवं एनएसएस कैडेट्स की भागीदारी से नशा मुक्ति का संदेश आम जन तक पहुंचेगा। विद्यार्थियों ने लोगों को नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम	दिनांक	पृष्ठ संख्या	कॉलम
समस्त हरियाणा न्यूज	30.10.26	-----	----

हकृवि की नशा मुक्त रैली में विद्यार्थियों ने दिया जागरूकता का संदेश



समस्त हरियाणा न्यूज

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय की ओर से नशा मुक्त जागरूकता रैली निकाली गई। आर्थिक विशेषज्ञ सतीश कुमार ने मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय परिसर से रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थियों के साथ राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) और राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के विद्यार्थियों ने भाग लिया। सतीश कुमार ने कहा कि युवा देश की सबसे बड़ी ताकत हैं और देश का भविष्य उनकी ऊर्जा, प्रतिभा और अच्छी सोच पर निर्भर करता है। इसलिए युवाओं को नशे से दूर रखना और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना बहुत जरूरी है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे स्वयं नशे से दूर रहें और अपने मित्रों, परिवारजनों तथा आसपास के लोगों को भी इसके नुकसान के बारे में बताएं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जागरूकता अभियानों के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। नशामुक्त समाज बनाने के लिए शिक्षण संस्थानों, परिवारों और सामाजिक संगठनों को मिलकर प्रयास करने चाहिए। विद्यार्थियों को शिक्षा, खेलकूद, अनुसंधान और अन्य रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेकर समाज और देश के विकास में योगदान देना चाहिए।

नशा मुक्ति अभियान में युवाओं की भागीदारी जरूरी : प्रो. बलदेव राज काम्बोज

प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने बताया कि रैली में विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थियों और एनसीसी एवं एनएसएस कैडेट्स की भागीदारी से नशा मुक्ति का संदेश आम जन तक पहुंचेगा। विद्यार्थियों ने लोगों को नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम युवाओं को सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक बनाते हैं। ऐसे अभियान विद्यार्थियों को समाज की समस्याओं को समझने और नशामुक्त समाज बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करते हैं। इस अवसर पर विभिन्न महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, अधिकारी, कर्मचारी और विद्यार्थी उपस्थित रहे।